






नवभारत 04

इंदौर, सोमवार, 15 सितंबर 2025


## एक नजर में

### कॉम्बिंग गश्त कर अपराधियों को हिरासत में लिया



**मोहन बड़ोदिया, 14 सितंबर.** मोहन बड़ोदिया पुलिस ने रविवार देर रात 3 बजे तक कॉम्बिंग गश्त कर स्थाई वारंटी और अपराधियों के घरों पर दबिश दी. मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास के नेतृत्व में कॉम्बिंग गश्त कर अपराधियों को हिरासत में लिया. इस दौरान मोहन बड़ोदिया थाने से एसआई कैलाश नारायण यादव, एएसआई सुभाष पटेल, एएसआई लाखन सिंह, प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह सिकरवार, जगदीश दांगी, राहुल कुंभकार, कपिल यादव, सुरेश राठौर, केशव सहित आदि मौजूद रहे. इस दौरान दो स्थाई वारंटी, पांच गिरफ्तारी वारंटी और 10 गुंडे बदमाशों को उनके घरों पर जाकर चेक किया गया.

### शिक्षकों को समारोहपूर्वक दी विदाई



**सुसनेर, 14 सितंबर.** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय कसाई देहरिया में 2 शिक्षकों का विदाई समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में पूर्व बीईओ मांगीलाल जोगचंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच राकेश गुर्जर ने की. आकाशवाणी लोक गायक बाबूलाल सोलंकी सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई. देवीसिंह यादव सहायक शिक्षक एवं घनश्याम सोलंकी माध्यमिक शिक्षक दोनों को शॉल श्रीफल व प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पमाला पहनाकर के स्वागत कर विदाई दी गई. इस अवसर पर महावीर जैन, शांतिलाल कुंभकार, सहायक सचिव तूफान सिंह, नवल किशोर गुर्जर, रमेश सूर्यवंशी, रमेश कुम्मकार अतिथि शिक्षिका गीता चौहान, नीरज बालोदिया, अंकित गुर्जर, सागर सिंह सिसादिया उपस्थित रहे. संचालन रमेश कुंभकार ने किया. आभार संस्था प्रधान रामनारायण मेहर ने माना.

### हिन्दी दिवस पर सस्वर कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित



**बड़ौद, 14 सितंबर.** शासकीय नवीन हाईस्कूल बापचा में हिन्दी दिवस मनाया गया. कक्षा 9 और 10 के बच्चों की सस्वर कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई. बहन रानू सेन, राधिका, अर्पिता, भारत कुंवर, वर्षा राठौर तथा भैया गोपाल व प्रवीण ने बड़े ही भाव के साथ अपनी पाठ्य पुस्तक में से कविताओं, कुंडलियों, चौपाइयों का सस्वर वाचन किया. जिसका सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत आनंद लिया. बहनों रक्षा कुंवर और निशा कुंवर ने हिन्दी दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए. संस्था प्राचार्य डॉ. दशरथ कुमार गवली, शिक्षकगणों विष्णु परिहार, रणजीत पहाड़िया, कालूराम दांगी सहित संपूर्ण स्टाफ और बच्चों द्वारा हिन्दी के विषय शिक्षक सुनील कुमार जोशी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं और अन्य विषयों का सहयोग भाषागत करने हेतु धन्यवाद देकर अभिनंदन किया गया. प्रभारी प्राचार्य कैलाश भावसार ने हिन्दी दिवस का महत्व बताते हुए माखनलाल चतुर्वेदी जी की कविता पुष्प की अभिलाषा का सस्वर सामूहिक गायन करवाया, जिसे बच्चों में भाव विभोर होकर गाया. कार्यक्रम का संचालन तृप्ति श्रृंगी और दशरथ सिंह परिहार ने किया.

### नवीन सूर्यवंशी सामाजिक कल्याण समिति का गठन



**बड़ौद, 14 सितंबर.** नगर में सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने एवं जनहित में गतिविधियों को आगे ले जाने के उद्देश्य से नवीन सूर्यवंशी सामाजिक कल्याण समिति का गठन किया गया है. समिति की घोषणा के साथ ही पदाधिकारियों का चयन भी किया गया. जिसको लेकर समिति के मुकेश अहिरवार एडवोकेट द्वारा बताया गया कि समिति का मध्य प्रदेश सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 के अधीन रजिस्ट्रेशन किया गया है, जिसमें गोपाल सूर्यवंशी को अध्यक्ष, कन्हैयालाल सूर्यवंशी को उपाध्यक्ष तथा रमेश सूर्यवंशी को सचिव नियुक्त किया गया है. समिति का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीब एवं जरूरतमंदों की मदद, साथ ही सामाजिक एकता और कल्याणकारी कार्यों को गति देना है. पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था जल्द ही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक योजनाओं की शुरुआत करेगी. समिति के नरेन्द्र सूर्यवंशी, कालू राम, नागू लाल, नारायण लाल, शंभुलाल, रतन लाल, बापू लाल, कैलाश चौहान द्वारा अध्यक्ष का हार फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया.

### बिना लाइसेंस वाहन चलाया, तो सात दिन का निलंबन

**शाजापुर, 14 सितंबर.** शिक्षा विभाग ने नाबालिग विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर कड़ा निर्णय लिया है. स्कूल में बिना लाइसेंस वाहन लेकर आने वाले छात्रों को सात दिन के लिए निलंबित किया जाएगा. जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे ने सभी स्कूलों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं. बता दें प्रतिदिन कई नाबालिग विद्यार्थी बिना लाइसेंस के दोपहिया वाहन से स्कूल आ रहे हैं. डीईओ ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे ऐसे छात्रों के अभिभावकों को बुलाकर समझाईश दें. स्कूलों में भी बच्चों को बिना लाइसेंस वाहन न चलाने की हिदायत दी जा रही है. डॉ. दुबे ने बताया कि दो वर्ष पहले भी विद्यालयों को इसी तरह के निर्देश दिए गए थे. अब जिले के सभी स्कूलों में यह आदेश लागू किया जा रहा है. मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें हो रही मृत्युदर को कम करने, आमजन को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से 8 से 22 सितंबर तक प्रदेश स्तर पर विशेष यातायात जागरूकता एवं सुधार अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस शाजापुर एवं जिले के सभी थानों द्वारा सघन जांच एवं चालानी कार्यवाही की जा रही है.

# सुसनेर में गौ अभ्यारण्य, फिर भी सड़कों पर भटक रही गाय

## बछड़े को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, हिन्दू संगठनों ने नप के सामने किया प्रदर्शन

**सुसनेर, 14 सितंबर. हमारे लिए सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि सुसनेर से महज 15 किलोमीटर की दूरी पर सालरिया में एशिया का प्रथम कामधेनु गौ अभ्यारण्य संचालित हो रहा है, लेकिन उसके बाद भी हमारे ही शहर में गायें सड़कों पर भटक रही है, जो जिम्मेदारों की लापरवाही का शिकार होकर आए दिन सड़क दुर्घटना का शिकार हो रही है. कभी-कभी ये घटनाएं बड़े विवाद का कारण भी बन जाती है.**

रविवार को कुछ ऐसा ही वाकिया देखने को मिला. सुबह करीब 6 बजे उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मोड़ी चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गाय का बछड़ा घायल हो गया, जिसको सामाजिक कार्यकर्ता एवं सोयतकलां से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह गुंदलावदा पशु चिकित्सालय ले गए. मामले ने तुल पकड़ा और 10 बजे नगर परिषद कार्यालय के सामने हिंदू संगठनों के द्वारा घायल बछड़े को सड़क पर रख कर विरोध प्रदर्शन किया गया. जानकारी लगने पर थाना प्रभारी केशर राजपूत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची. साथ ही नगर परिषद का अमला भी पहुंचा. यहां हिंदू संगठनों के द्वारा आंदोलन की चेतावनी दिये जाने के बाद उक्त बछड़े को बोलेरो वाहन के जरिए सालारिया गो अभ्यारण्य भेजा गया है.



### 3 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

नगर परिषद के जिम्मेदारों ने बताया कि हाईवे से गौवंश को हटाने के लिए 3 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. हालांकि इसको लेकर हिन्दू संगठनों ने आरोप लगाया कि गायों को हटाते हुए अब तक कोई भी कर्मचारी हाईवे पर नहीं देखा गया है.

**इनका कहना है**

*राष्ट्रीय राजमार्ग से गायों को हटाने के लिए 3 कर्मचारियों की ड्यूटी लगा रखी है. जल्द ही 2 और अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी. जो उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंडी चौराहे से लेकर डाक बंगला तिराहा और मोड़ी चौराहे पर बैठने वाली गायों को हटाने का कार्य करेंगे.*

*- ओपी नागर, सीएमओ, नगर परिषद, सुसनेर*

# महिला संबंधी कानून और अधिकारों को जाना

## बालिका छात्रावास की बालिकाओं ने किया महिला थाने का भ्रमण





**शाजापुर, 14 सितंबर. शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के बालिका छात्रावास की बालिकाओं ने महिला थाने का भ्रमण कर महिलाओं से संबंधित कानूनों तथा बालिकाओं के अधिकारों की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कानूनों के प्रति जागरूक करना, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था.**

भ्रमण के दौरान महिला थाना प्रभारी श्रीमती आशा सोलंकी द्वारा छात्राओं को विस्तार से बताया गया कि महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा हेतु कई कानून बनाए गए हैं. जैसे घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह निषेध कानून, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, साइबर क्राइम आदि. थाने में पदस्थ श्रीमती मंजुला चौहान ने बच्चों को समझाया कि यदि किसी महिला या बालिका के साथ किसी प्रकार का शोषण या अन्याय होता है, तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए और कानूनी सहायता अवश्य लेनी चाहिए. बालिकाओं को यह भी बताया गया कि वे अपने अधिकारों के लिए शिकायत कर सकती हैं. पुलिस द्वारा सहायता प्रदान की जाती है और जरूरत पड़ने पर परामर्श, कानूनी सहायता तथा पुनर्वास जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं. छात्राओं ने जानकारी प्राप्त करते समय अपने सवाल पूछे और महिला पुलिस अधिकारी ने धैर्यपूर्वक उनका समाधान किया. इससे छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा और उन्हें महसूस हुआ कि वे किसी भी कठिन परिस्थिति का सामना कर सकती हैं.

### आत्मरक्षा से संबंधित उपायों पर की चर्चा...

महिला थाने में कानूनों की जानकारी के साथ-साथ आत्मरक्षा से संबंधित उपायों पर भी चर्चा की गई. छात्राओं को बताया गया कि स्वयं की सुरक्षा हेतु सतर्क रहना आवश्यक है. साथ ही यह भी समझाया गया कि किसी भी तरह के मानसिक तनाव या भय की स्थिति में परामर्श लेना चाहिए. इस भ्रमण ने छात्राओं को महिलाओं की स्थिति, उनके अधिकार, सरकारी योजनाओं और सुरक्षा के उपायों के बारे में जागरूक किया. साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि वे अपने परिवार और समाज में जागरूकता फैलाकर अन्य बालिकाओं और महिलाओं की मदद कर सकती हैं. भ्रमण के दौरान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से शिक्षक ओमप्रकाश पाटीदार, बालिका छात्रावास वार्डन श्रीमती ज्योति धाकड़ एवं श्रीमती भारती चौहान उपस्थित थे. पुलिसकर्मियों ने विद्यालय प्राचार्य प्रवीण कुमार मंडलोई ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रम और आयोजित किए जाएंगे, ताकि छात्राओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिले.

# सोयाबीन के प्रदर्शन प्लॉट पर किसान प्रक्षेपत्र दिवस आयोजित



**मोहन बड़ोदिया, 14 सितंबर. सॉलिडरीडाड संस्था द्वारा पुनर्योजी कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत मोहन बड़ोदिया ब्लॉक में सेट किए गए सोयबीन के प्रदर्शन प्लाट पर ग्राम मटेवा में किसान प्रक्षेपत्र दिवस का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर ग्राम मटेवा के लीड फॉर्मर किशोरीलाल कलमोदिया के प्लाट पर, फील्ड डे बनाया गया, जिसमें ग्राम के अन्य किसानों को प्लाट पर विजिट करवाई एवं सोयाबीन में किसान ने जो पुनर्योजी कृषि पद्धति को अपनाया. उनकी जानकरी दी गई और डेमो एवं कंट्रोल प्लाट में अंतर को भी दिखाया गया. इस अवसर पर किसान रामचंद्र पिता शिवनारायण ने अपने अनुभव साझा किए और बाकी सभी किसान को भी पुनर्योजी कृषि पद्धति को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया. इसी के साथ सॉलिडरीडाड संस्था से जिला इंचार्ज नीतू चौहान द्वारा उपस्थित सभी किसानों को डेमो प्लाट में की गई प्रेक्टिस और पुनर्योजी कृषि के सिद्धांत जैसे कि खेत की मृदा को जैविक मलचिंग द्वारा ढंकना, खेत में जीवित जड़ों को सुनिश्चित करना, कम मृदा जुताई करना और फसल विविधकरण एवं पशुधन एकीकरण के बारे में विस्तार से जानकरी दी गई. इस अवसर पर ग्राम मटेवा के सभी एसोसिएट किसान उपस्थित रहे.

# एक रात में 9 किसानों की जलधारा मोटर और केबल चोरी

## भीलखेड़ी में हुई वारदार से नाराज क्षेत्रवासी

**शुजालपुर, 14 सितंबर. क्षेत्र में किसान पहले से ही परेशान हैं और अब चोरी की वारदात इन किसानों की परेशानी और बढ़ा रही है. नगर से सटे हुए भीलखेड़ी गांव में एक ही रात में 9 किसानों की जलधारा मोटर सहित केबल चोरी हो गई, जिनकी कीमत हजारों में है. किसानों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया.**

जानकारी के अनुसार भीलखेड़ी निवासी केदारसिंह पिता हिम्मतसिंह मेवाड़ा ने शिकायत दर्ज कराई कि गांव के बेल के माल में खाल पर 3 जलधारा मोटर व एक सिंगल फेस की मोटर सिंचाई के लिए डाल रखी थी. साथ ही समीप में देवीसिंह मेवाड़ा की एक जलधारा मोटर, राजेन्द्रसिंह मेवाड़ा की एक मोटर तथा उमराव मेवाड़ा, गोपाल मेवाड़ा एवं सुभागसिंह मेवाड़ा की 3 केबल भी खाल के पास कुएं में डली हुई थी. उक्त सभी सामग्री अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गए. पुलिस ने 6 मोटर व तीन केबल कीमती 75 हजार चोरी जाने की शिकायत दर्ज की.

# संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर निकला पथ संचलन

**सुसनेर, 14 सितंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आगामी विजयादशमी को अपनी यात्रा के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है. संघ द्वारा आने वाले वर्ष को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जाएगा. शताब्दी वर्ष के निमित्त पूरे वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रम होंगे.**

इस दौरान हर मंडल में विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसी तारतम्य में सुसनेर खंड में मंडल सह पथ संचलन निकाले जा रहे हैं. रविवार को 8 मंडल केन्द्रों पर पथ संचलन निकाले गए. जिसमें लोहारिया, देहरिया, लालाखेड़ी, गणेशपुरा, पायली, मोड़ी, निपानिया, ननोरा मंडल शामिल है. इन आठ ही मंडल में 1500 के लगभग स्वयंसेवक घोष वादन की धुन पर अनुशासन के साथ कदमताल करते हुए पूर्ण गणवेश में शामिल रहे. पथ संचलन के इन कार्यक्रमों में वक्ताओं ने संघ शताब्दी वर्ष के दौरान होने वाले विविध प्रकार के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए पंच परिवर्तन भी पर भी प्रकाश डाला गया, जिसमें स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, नागरिक अनुशासन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता और कुटुम्ब प्रबोधन के बारे में विस्तार से बताते हुए पंच परिवर्तन को समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाने पर जोर दिया.



**5 अक्टूबर को निकलेगा संचलन**

शताब्दी वर्ष में इस बार परम्परानुसार विजयादशमी के अवसर पर 2 अक्टूबर को निकलने वाला पथ संचलन सुसनेर में संघ की योजनानुसार 5 अक्टूबर को निकाला जाएगा. इस दिन पूरे जिले के सभी खंड केन्द्रों पर भी पथ संचलन निकलेंगे. जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों की भागीदारी होगी. वहीं पथ संचलन को लेकर संघ के स्थानीय स्वयंसेवकों ने शहर के प्रत्येक घर संपर्क शुरू कर दिया है और नए स्वयंसेवक कार्यकताओं को गणवेश वितरण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.

## एक नजर में

### शुजालपुर तहसील में 33 प्रतिशत, तो पोलायकलां में 60 और अवंतिपुर बड़ोदिया में 63 प्रतिशत कम हुई बारिश

# अब भी बारिश नहीं हुई, तो अंचल में बिगड़ेंगे हालात

**शुजालपुर, 14 सितंबर. मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में जहां सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है. वहीं मालवा अंचल के कुछ जिलों में सामान्य से काफी कम बारिश हुई है. शुजालपुर अनुविभाग में बारिश का आंकड़ा अभी काफी पीछे है. मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शुजालपुर तहसील में सामान्य से 33 प्रतिशत बारिश कम हुई है, तो पोलायकलां व अवंतिपुर बड़ोदिया तहसील क्षेत्र की स्थिति काफी खराब है.**

पोलायकलां तहसील में सामान्य से 60 प्रतिशत और अवंतिपुर बड़ोदिया तहसील क्षेत्र में सामान्य से 63 प्रतिशत बारिश कम हुई है. बारिश की विदाई सितंबर माह के दूसरे या तीसरे सप्ताह में मानी जाती है. यदि भविष्य में मानसून की मेहरबानी नहीं हुई, तो यह वर्ष कैसे निकलेगा. यह चिंता का विषय है. विगत तीन-चार दिनों से क्षेत्र में तापमान भी बढ़ रहा है और अभी आगे बारिश के कुछ आसार भी नजर नहीं आ रहे. जलाशयों की स्थिति भी उतनी अच्छी नहीं है, जितनी होना चाहिए. शुजालपुर अनुविभाग में वर्षभर की बारिश का सामान्य आंकड़ा 980 एमएम के आसपास माना जाता है, जबकि अभी तक शुजालपुर तहसील क्षेत्र में 654 एमएम बारिश दर्ज हुई है, गत वर्ष इस अविध तक 833 एमएम बारिश हो गई थी. उधर, पोलायकलां तहसील क्षेत्र में 382 एमएम व अवंतिपुर बड़ोदिया तहसील क्षेत्र में 360 एमएम बारिश दर्ज हुई है. अल्प वर्षा की स्थिति के चलते सोयाबीन फसलों को तो नुकसान हुआ है और आगे पानी नहीं बरसा, तो रबि फसल की बुआई करना भी मुश्किल हो जाएगा.



### पेयजल के लिए सरंक्षण जरूरी...

क्षेत्र में सामान्य बारिश के बाद भी शुजालपुर नगर में लगभग हर वर्ष ग्रीष्मकाल के दौरान भीषण जलसंकट उत्पन्न होता है. ऐसे में सामान्य से 33 प्रतिशत बारिश कम रही, तो हालात किस तरह के निर्मित होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है. मानसून की समाप्ति को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय ने जल संसाधन विभाग एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उनके क्षेत्र अधिकारी के समस्त बंधानों, चैक डेम आदि के कडी शटर लगाकर गेट बंद कर दें, जिससे की ग्रीष्मकाल के लिए जल संरक्षण किया जा सके.

### बामनघाट के गेट लगाने की तैयारी...

शुजालपुर नगर में पेयजल की आपूर्ति नेवज नदी पर बने बामनघाट के माध्यम से होती है. वैसे तो नगर पालिका के अधीन नांदासुरा बांध भी है, लेकिन यहां से फिल्टर प्लांट तक पानी को लाने वाली पाईप लाईन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके चलते पाईप लाईन के माध्यम से नांदासुरा से पानी शहर में नहीं आ पाता है. नगर पालिका नांदासुरा बांध के गेट खोलकर पानी बामनघाट तक लाती है. वर्तमान स्थिति को देखते हुए नगर पालिका ने बामनघाट बांध के गेट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है. नेवज नदी में बामनघाट पर डेम की स्लेप पर 2 फीट पानी है और नदी में अभी बहाव बना हुआ है. इसके चलते गेट लग जाने पर डेम लबालब हो सकता है. नगर पालिका अमले ने गत दिवस बांध स्थल पर सफाई का कार्य किया. यहां पर पर विसर्जित की गई प्रतिमाएं व लकड़ियां जमा हो गई थी. अल्पवर्षा की स्थिति को देखते हुए निकाय को इस वर्ष काफी सजग रहना होगा, जिससे ग्रीष्मकाल में गंभीर जलसंकट की स्थिति निर्मित ना हो.

# दो आरोपियों को एक साल के लिए किया जिलाबदर

**शाजापुर, 14 सितंबर.** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने दो अपराधियों को एक साल के लिए जिलाबदर कर दिया है. शुजालपुर मंडी थाना क्षेत्र के निवासी आर्यन प्रजापति 21 वर्ष और शाजापुर नगर थाना कोतवाली क्षेत्र के कसेरा बाजार निवासी राहुल राठौर 33 वर्ष को यह आदेश दिया गया है. कलेक्टर के आदेश के अनुसार दोनों अपराधियों को शाजापुर के साथ-साथ पांच सीमावर्ती जिलों से भी बाहर रहना होगा. इन जिलों में देवास, उज्जैन, आगर मालवा, राजगढ़ और सीहोर शामिल हैं. प्रतिबंधित अवधि में इन क्षेत्रों में एंट्री के लिए पहले से इजाजत लेनी होगी. कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति प्रवेश करना कानूनी अपराध माना जाएगा. इस आदेश का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध- शाजापुर,** वर्तमान में खरीफ फसल सोयाबीन में अल्पवर्षा, अतिवर्षा एवं पीला मोजेक आदि कारणों से नुकसानी के संबंध में सर्वे कार्य प्रचलित होने के कारण कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाश एवं मुख्यालय छोड़ने पर प्रतिबंध लगाया है. विशेष परिस्थिति में ही राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारीगण अवकाश पर जा सकेंगे.